# सर्वाइवर एलायंस की विश्व काँग्रेस:
# सामूहिक संगठन की शक्ति
### अक्टूबर 1-4, 2024 नैरोबी - केन्या

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## I. कार्यक्रम के बारे में सामान्य जानकारी

**विश्व काँग्रेस क्या है**?

विश्व काँग्रेस एक त्रि-वार्षिक, सवाईवर नेतृत्व वाला आंदोलन-निर्माण कार्यक्रम है जो सवाईवर नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिये सर्वाइवर एलायंस समुदाय को एक साथ लाता है। सवाईवरों और सहयोगियों के लिये समानांतर, लेकिन अधिकतर अलग-अलग कार्यक्रम हैं, जिनका समापन विश्व काँग्रेस के अंतिम दिन में एक साझा और सहयोगात्मक तरीके से होगा। सर्वाइवर और सहयोगी कई बार साथ भोजन साझा करेंगे, और उनके पास साथ समय बिताने के लिये अतिरिक्त औपचारिक और अनौपचारिक अवसर भी होंगे।

विश्व काँग्रेस अपनी तरह का एकमात्र सर्वाइवर-नेतृत्व वाला और केंद्रित कार्यक्रम है, जो सभी प्रकार की मानव तस्करी के 100 से अधिक बहुराष्ट्रीय वयस्क सर्वाइवरों को एक साथ लाता है। यह तस्करी-विरोधी क्षेत्र का एकमात्र आयोजन भी है जहाँ सर्वाइवर सहयोगियों के लिये एजेंडे तय करते हैं।

आप हमारी पहली विश्व काँग्रेस (2021) की रिपोर्ट यहाँ पढ़ सकते हैं।

**हम विश्व काँग्रेस का आयोजन क्यों कर रहे हैं**?

सर्वाइवर एलायंस के सह-संस्थापक सर्वाइवर नेता थे, जिन्होंने सर्वाइवर नेतृत्व के बारे में आम तौर पर चर्चा होने से पहले तस्करी विरोधी सम्मेलनों में भाग लिया था। सम्मेलन मुख्य रूप से गैर सरकारी

संगठनों और सरकारी एजेंसियों के पूर्णकालिक (फुल्लटाइम) कर्मचारियों के लिये डिज़ाइन किये गये थे। वे वास्तव में हम जैसे स्व-रोज़गार सलाहकारों या सर्वाइवरों के लिये नहीं बने थे। भले ही सर्वाइवरों को कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता था, फिर भी यह संभावना नहीं थी कि कार्यक्रम की सामग्री सर्वाइवर नेतृत्व क्षमता के निर्माण और / या सर्वाइवर नेताओं को तस्करी विरोधी क्षेत्र में एकीकृत करने पर केंद्रित होगी। विश्व काँग्रेस की शुरुआत का एक और कारण यह है कि संस्थापकों ने यौन तस्करी और श्रम तस्करी से सर्वाइवरों, और घरेलू नागरिक सर्वाइवरों और विदेशी राष्ट्रीय सर्वाइवरों के बीच विभाजन को बढ़ते हुए देखा।

हमने इसे प्रणालीगत उत्पीड़न के एक विशिष्ट हिस्से के रूप में देखा - उन लोगों को विभाजित करना और उन लोगों को अधीन करना जो एकजुटता बनाने पर शक्तिशाली बन जाएंगे। सर्वाइवर एलायंस, विश्व काँग्रेस के माध्यम से, एक ऐसा समुदाय बनाना चाहता था जहाँ, यह ज़रूरी नहीं है कि है कि हम सभी सहमत होंगे, लेकिन हम एक साथ अपने साझा लक्ष्यों को पाने के लिए सहयोग के साथ काम करेंगे। यदि आप लोगों को एक साथ लाते हैं और समुदाय का निर्माण करते हैं, तो आप लोगों को मानवीय बनाना शुरू करते हैं और यहीं आपको एहसास होता है कि हमारे पास साझा उद्देश्य और लक्ष्य हैं और आज़ादी के लिये एक साझा इच्छा है।

**यह कहाँ और कब होगी?**

विश्व काँग्रेस 1 अक्टूबर से 4 अक्टूबर, 2024 तक नैरोबी, केन्या में आयोजित की जाएगी। प्रतिभागी एक दिन पहले 30 सितंबर को पहुँचेंगे ताकि वे यात्रा की थकान उतार सकें। वापसी की उड़ानें 5 अक्टूबर, 2024 को होंगी।

प्रतिभागियों की रहने की व्यवस्था उसी जगह पर होगी जहाँ काँग्रेस आयोजित की जाएगी।

**क्या मुझे विश्व काँग्रेस में भाग लेने के लिये कोई भुगतान करना होगा**?

जी नहीं। सर्वाइवर एलायंस यात्रा और भागीदारी से संबंधित आपकी लागतों की ज़िम्मेदारी लेगा। इसमें आपकी सम्मेलन दर, उड़ान, केन्या में होटल से आने-जाने के लिये ज़मीनी परिवहन, आयोजन के दिनों के दौरान आवास, भोजन (नाश्ता, दोपहर का भोजन, नाश्ता और रात का खाना), केन्या इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (वीज़ा की तरह) और यात्रा बीमा शामिल हैं।

**विश्व काँग्रेस का नाम "सामूहिक संगठन की शक्ति" किससे प्रेरित हुआ है**?

सामूहिक संगठन की शक्ति हमारी विश्व काँग्रेस के लिये विषय और प्रेरणा दोनों के रूप में कार्य करती है। हम इस सभा को सभी प्रतिभागियों के लिये सामूहिक शक्ति का अनुभव करने और उसका पूरी तरीके से लाभ उठाने के अवसर के रूप में देखते हैं। हम परिवर्तनकारी और बहाल करने (हीलिंग) की शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं जो तब उत्पन्न होती है जब व्यक्ति विचारों, सपनों और ज्ञान को साझा करने के लिये एक साथ आते हैं।

**विश्व काँग्रेस में कौन सी भाषाएं उपलब्ध होंगी?**

हालाँकि विश्व काँग्रेस ज्यादातर अंग्रेजी में प्रदान की जाएगी, हम विश्व काँग्रेस गतिविधियों के लिये पुर्तगाली, बंगाली, हिंदी और स्पेनिश में साथ-साथ अनुवाद (इंटरप्रिटेशन) की सुविधा प्रदान करेंगे।
हम एक "भाषागत एकजुटता" प्रक्रिया का निर्माण करेंगे, ताकि विभिन्न भाषाएं बोलने वाले सदस्य भी काँग्रेस के "गैर-औपचारिक" क्षणों के लिये एक-दूसरे का समर्थन कर सकें।
हम उन सदस्यों को आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करते हैं जो उन भाषाओं के मूल वक्ता नहीं हैं लेकिन जो सोचते हैं कि वे इन भाषाओं में बात कर सकते हैं और समझ सकते हैं।

## II. आवेदन की प्रक्रिया

**विश्व काँग्रेस में भाग लेने के लिये कौन आवेदन कर सकते हैं?**

आवेदन करने के लिये, आपको सर्वाइवर एलायंस का सदस्य होना चाहिए, जिसके लिये नीचे संयुक्त राष्ट्र के मानकों द्वारा परिभाषित दासता या मानव तस्करी का अनुभव होना आवश्यक है:

*दासता: "दासता उस व्यक्ति की स्थिति या हालात है जिस पर मालिक होने के अधिकार से जुड़ी किसी भी शक्ति का या सभी शक्तियों का प्रयोग किया जाता है।"*
*मानव तस्करी: "'व्यक्तियों की तस्करी' का अर्थ है व्यक्तियों की भर्ती, परिवहन, स्थानांतरण, शरण देना या प्राप्त करना, धमकी या बल प्रयोग या अन्य प्रकार की जबरदस्ती के माध्यम से, अपहरण, छल करना, धोखाधड़ी, शोषण के उद्देश्य से किसी अन्य व्यक्ति पर नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने के लिये शक्ति का या कमज़ोरी की स्थिति का दुरुपयोग या भुगतान या लाभ देना या प्राप्त*

*करना। शोषण में, कम से कम, दूसरों की वेश्यावृत्ति का शोषण या अन्य प्रकार के यौन शोषण, जबरन श्रम या सेवाएं, दासता या दासता के समान प्रथाएं, दासता या अंगों को निकालना शामिल होगा;"*

आपकी आयु कम से कम **18** वर्ष होनी चाहिए और आपके पास ईमेल पते तक पहुँच होनी चाहिए।

**विश्व काँग्रेस में भाग लेने के लिये मुझे क्या करना होगा**?

आपको आवेदन पत्र अंग्रेजी**,** बंगाली**,** हिंदी**,** पुर्तगाली या स्पेनिश में पूरा करना होगा। यह लिंक है: https://www.surveymonkey.com/r/JWXN67H?lang=hi

**मेरे लिये आवेदन पूरा करना कठिन है, क्या मुझे कोई सहायता मिल सकती है?**

जी बिल्कुल! मदद करके हमें खुशी होगी। आप worldcongress@survivoralliance.org पर लिख सकते हैं और हम आवेदन पूरा करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। हम आवाज़ में आवेदन (ऑडियो एप्लिकेशन) जमा करने से लेकर आपके साथ आवेदन को पूरा करने के लिये सहकर्मी (पीयर) समर्थन के लिये समन्वय करने तक विभिन्न विकल्पों का पता लगा सकते हैं। हम आपके लिये सबसे बढ़िया तरीके से काम करने वाले अन्य तरीकों की खोज करने के लिये भी तैयार हैं!

**यदि मैं आवेदन पूरा कर देती / देता हूँ, तो क्या इसका मतलब यह है कि मैं विश्व काँग्रेस में भाग लूंगी / लूँगा?**

दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। हालाँकि हम उन सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हैं जो हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं, हमारे पास केवल 100 सर्वाइवर नेताओं की क्षमता है। आवेदन प्रक्रिया बंद होने के बाद हम चयन करेंगे।

**विश्व काँग्रेस में भाग लेने के लिये कितने सर्वाइवर नेताओं का चयन किया जाएगा?**

विश्व काँग्रेस में कुल 100 सर्वाइवर नेता भाग लेंगे। कुछ सर्वाइवर नेताओं को सीधे आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि वे कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली कुछ प्रक्रियाओं में जुड़े हुए हैं, या क्योंकि वे योजना समिति के 15 सदस्यों में से एक हैं।

- **सर्वाइवर एलायंस कैसे तय करेगा कि किसे चुना जाएगा**?

यह बहुत ही कठिन प्रश्न है! चयन प्रक्रिया का नेतृत्व सर्वाइवर एलायंस टीम और विश्व काँग्रेस योजना समिति द्वारा किया जाएगा।

हमारा प्रत्येक सदस्य चयन के लिये हमारे मुख्य मानदंड पर पूरी तरह से "फिट" बैठता है: एक सर्वाइवर नेता होना जो इस अर्थपूर्ण अवसर में दूसरों के साथ सीखने, साझा करने और शामिल होने के लिये जुड़ना चाहते हैं। लेकिन, तब भी हमें चयन करने की आवश्यकता है क्योंकि हमारी क्षमता हमें सभी को आमंत्रित करने की अनुमति नहीं देती है।
हमारा मुख्य मानदंड नेताओं के एक विविध समूह को इकट्ठा करने पर केंद्रित होगा, जो हमारे समुदाय की समृद्ध विविधता को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिभागी, अलग-अलग पहचान वाले, और तस्करी विरोधी और दासता विरोधी क्षेत्र में विविध प्रकार के अनुभव शामिल हैं।

- मुझे विश्व कॉंग्रेस में भाग लेने के लिये क्यों नहीं चुना गया**?**

हम उन लोगों से पहले ही माफी मांगते हैं जिन्हें चुनने में हम असमर्थ हैं। कृपया यह जान लें कि हम सचमुच चाहते हैं कि आप वहाँ होते, और हमें आशा है कि आप हमारी ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़ने और भाग लेने में रुचि रखते हैं।
जैसा कि हमने बताया, सर्वाइवर एलायंस के सभी सदस्य विश्व कॉंग्रेस में भागीदारी के लिये "बिल्कुल उपयुक्त" हैं। दुर्भाग्य से, हम सभी को शामिल नहीं कर सकते। हमारे द्वारा आवेदकों को चुनने का एक तरीका, जितना संभव हो, उतना विभिन्न प्रकार के लोगों को लाने का प्रयास करना है। हम आप सभी को नहीं ला सकते हैं, और हमें मिलने वाले विभिन्न आवेदनों के आधार पर, हम जितना संभव हो उतना सबसे विविध समूह को एक साथ रखकर सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करेंगे।

**मुझे कब पता चलेगा कि मेरा चयन हो गया है?**

14 अप्रैल को आवेदनों के लिये कॉल बंद करने के बाद, हम विश्व कॉंग्रेस योजना समिति के सहयोग से सभी आवेदकों की समीक्षा करेंगे और चयन करेंगे। आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति के बारे में मई में सूचित किया जाएगा। जब तक हम इस जटिल प्रक्रिया से गुज़रते हैं उस समय तक के लिये हमारे साथ धैर्य बनाए रखने के लिये धन्यवाद!

**क्या मुझे विश्व कॉंग्रेस में भाग लेने के लिये कोई प्रस्तुतीकरण देने या कोई कार्यशाला आयोजित करने की आवश्यकता है**?

जी नहीं**,** आपके पास किसी गतिविधि के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने का विकल्प है (कृपया विश्व कॉंग्रेस कार्यक्रम का अनुभाग या आवेदन पत्र देखें)**,** लेकिन यह प्रतिभागियों के लिये अनुरोध नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले लोग अलग-अलग बातचीत और गतिविधियों में शामिल होने के लिये तैयार हों**,**

लेकिन हम यह भी जानते हैं कि हम सभी के शामिल होने और भाग लेने के तरीके अलग-अलग हैं। हमें उम्मीद है कि विश्व काँग्रेस एक ऐसा स्थान होगा जहाँ हर कोई उस तरीके से शामिल हो सकता है जो उनके लिये प्रामाणिक और सही लगे।

**क्या मुझे विश्व काँग्रेस में आवेदन करने के लिये सर्वाइवर एलायंस का सदस्य बनना होगा?**

जी हाँ, व्यक्तिगत कार्यक्रम के लिये, हम केवल अपने सदस्यों के आवेदनों पर विचार कर रहे हैं। गैर-सदस्यों का कुछ ऑनलाइन कार्यक्रम गतिविधियों में स्वागत किया जाएगा।

**मैं नैरोबी में रहती / रहता हूँ, क्या मुझे तब भी विश्व काँग्रेस में भाग लेने के लिये आवेदन करने की आवश्यकता है?**

जी हाँ, आपको तब भी आवेदन करना होगा। हालाँकि हम जानते हैं कि आप करीब होंगे और हम आप सभी को कार्यक्रम में शामिल करना चाहते हैं, हमारे लिये यह महत्वपूर्ण है कि हम कमरे में अपने सदस्यों का वैश्विक प्रतिनिधित्व बनाए रखें। जो लोग चुने गये हैं वे अन्य अंतरराष्ट्रीय सदस्यों के रूप में होटल में रह सकेंगे, यदि वो ऐसा करना चाहते हैं तो।

## III. केन्या की यात्रा

**मैं यात्रा को लेकर थोड़ा असुरक्षित महसूस करती / करता हूँ। क्या मेरी सहायता करने के लिये कोई प्रक्रिया होगी?**

हम जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय यात्रा हमेशा आसान नहीं होती है, और हम इस अनुभव में आपका बेहतर समर्थन करने की पूरी कोशिश करेंगे। हम इसे ध्यान में रखते हुए ही अपनी व्यवस्था (लॉजिस्टिक) प्रक्रिया तैयार कर रहे हैं और हम आपके साथ वह सभी जानकारी साझा करेंगे जिसकी आपको आवश्यकता होगी। हम सूचना-शीट्स, व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) सूचना शीट्स तैयार करेंगे, और यदि आपको लगता है कि आपको इसकी आवश्यकता होगी तो हम व्यक्तिगत रूप से बातचीत के लिये भी उपलब्ध होंगे। हम उन सर्वाइवर नेताओं के लिये भी एक तरीका स्थापित करेंगे जो एक ही स्थान से यात्रा कर रहे हैं ताकि वे एक-दूसरे के साथ यात्रा करके एक-दूसरे की मदद कर सकें।

**यदि मेरा चयन हो गया तो मुझे अपनी फ्लाइट की टिकट कैसे मिलेगी?**

हम आपके लिये टिकट खरीदेंगे। हम जितना संभव होगा उतना ऐसे सुझाव देने का प्रयास करेंगे जो सभी के लिये कारगर हों। आपकी उड़ान बुक करें इससे पहले, हम आपको एक प्रस्तावित शेड्यूल भेजेंगे जिसे आप देख सकते हैं और सहमत हो सकते हैं। इससे पहले, हम आपको एक फॉर्म भेजेंगे जिसे आपको पूरा करना है, ताकि आप अपनी प्राथमिकताएं, नजदीकी हवाई अड्डा आदि बता सकें। हम अपनी बजट सीमाओं के भीतर रहते हुए आपकी ज़रूरतों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**क्या सर्वाइवर एलायंस मेरा पासपोर्ट बनवाने के लिये ज़िम्मेदार है?**

जी नहीं, पासपोर्ट बनवाना आपकी ज़िम्मेदारी होगी, जिसमें आपके स्थानीय प्रशासन के साथ आवेदन प्रक्रिया का प्रबंधन करना, आपके व्यक्तिगत दस्तावेज़ इकट्ठा करना और किसी भी संबंधित खर्च को वहन करना शामिल है। हालाँकि, यदि आवश्यक हो तो हम विश्व काँग्रेस और आपके निमंत्रण के संबंध में पत्र प्रदान करके सहायता करने के लिये यहाँ हैं।

**क्या केन्या की यात्रा के लिये मुझे वीज़ा के लिये आवेदन करने की आवश्यकता है?**

केन्या देश में प्रवेश करने के लिये वीज़ा की आवश्यकता नहीं है, लेकिन शिशुओं और बच्चों सहित सभी आगंतुक (विजिटर) जो केन्या गणराज्य की यात्रा करने का इरादा रखते हैं, उनके पास अपनी यात्रा शुरू होने से पहले एक अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (ETA) होना चाहिए। सर्वाइवर एलायंस आपके अनुरोध को पूरा करने और ETA शुल्क का भुगतान करने की ज़िम्मेदारी लेता है। अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है।

**हम कहाँ रुकने वाले हैं?**

हम सभी प्रतिभागियों के लिये उसी होटल में कमरे बुक कर रहे हैं जहाँ विश्व काँग्रेस आयोजित की जाएगी। हम जल्द ही होटल के बारे में अधिक जानकारी साझा करेंगे।

**क्या मुझे किसी और के साथ कमरा साझा करना होगा?**

अधिकांश प्रतिभागी किसी अन्य सर्वाइवर नेता के साथ कमरा साझा करेंगे। चयन प्रक्रिया के बाद, आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप किसी विशेष प्रतिभागी के साथ साझा करने को प्राथमिकता देते हैं, और हम आपके अनुरोध का जवाब देने की पूरी कोशिश करेंगे। जिन लोगों को विशेष आवास की आवश्यकता है उनके लिये हमारे पास थोड़ी मात्रा में एकल कमरे भी होंगे। एकल कमरे के लिये अनुरोध करने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी चुने गये प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएगी।

**मैं विश्व काँग्रेस के बाद केन्या में अधिक समय तक रहना चाहती / चाहता हूँ, क्या यह संभव है?**

जी हाँ आप ऐसा कर सकते हैं! ऐसे मामले में, सर्वाइवर एलायंस उसकी व्यवस्था या उससे जुड़े किसी भी खर्च के लिये ज़िम्मेदार नहीं होगा। व्यवस्थाओं (लॉजिस्टिक) का फॉर्म - जो चयनित प्रतिभागियों को भेजा जाएगा - भरते समय आपको अपने यात्रा के दिनों की जानकारी साझा करनी होगी। यदि आप यात्रा का दिन बदलने का निर्णय लेते हैं, तो किसी भी अतिरिक्त लागत का भुगतान करने के लिये भी आप खुद ज़िम्मेदार होंगे।

## IV. खुशहाली (वेलबीइंग), पहुँच, स्वास्थ्य और सुरक्षा

**मैं एक विकलांग व्यक्ति हूँ और मुझे यात्रा करने और भाग लेने के लिये एक आवास की आवश्यकता होगी। मुझे क्या करना चाहिए?**

यदि आप विश्व काँग्रेस में चुने गये प्रतिभागी हैं, तो हम यात्रा और भागीदारी के लिये एक आवश्यक आवास की व्यवस्था करने के लिये सीधे आपसे संपर्क करेंगे, जिसमें यह भी शामिल है कि आपको यात्रा में साथ देने के लिये किसी की आवश्यकता होगी या नहीं। हालाँकि हमारे पास सीमित बजट है, हम यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि सभी प्रतिभागी इस आयोजन में पूरी तरह से शामिल हो सकें।

**क्या विश्व काँग्रेस विकलांग लोगों के लिये इसका अनुभव आसान बनाने के लिये कोई कदम उठाएगी**?

यह सुनिश्चित करने के लिये कि अधिक से अधिक लोग हमारे कार्यक्रम में पूरी तरह से शामिल हो सकें, हम सुलभता को कई अलग-अलग तरीकों से अपनाते हैं और उससे निपटते हैं। इसका मतलब है कई भाषाओं में अनुवाद (इंटरप्रिटेशन) प्रदान करना, विविध गतिविधियों और योगदान करने के तरीकों की पेशकश करना, कम यात्रा अनुभव वाले लोगों का समर्थन करने के लिये व्यवस्थाओं (लॉजिस्टिक्स) का आयोजन करना, सत्रों के बीच सांस लेने के लिये जगह रखना, जो लोग यात्रा नहीं कर सकते हैं उनके लिये एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन करना, और ऐसे होटल का चयन करना जिसमें विकलांग लोगों के लिए सुलभ आवास हो। हम प्रतिभागियों से यह सुनने के लिये भी प्रतिबद्ध हैं कि उनके लिये सुलभता के कौन से उपाय महत्वपूर्ण हैं। हालाँकि, दुर्भाग्य से हमारा बजट और क्षमता सीमित है, हम इन ज़रूरतों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**क्या विश्व काँग्रेस के दौरान कोई मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिलेगी**?

जी हाँ, सम्मेलन के दिनों में हमारे पास पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर मौजूद रहेंगे।

**क्या मुझे सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने की आवश्यकता है?**

जी नहीं, सभी प्रतिभागी वयस्क हैं और आप तय कर सकते हैं कि आप सत्र में उपस्थित रहना चाहते हैं या नहीं। हम यह उम्मीद करते हुये कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं कि उपस्थित लोग कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में उपस्थित रहेंगे। कई सर्वाइवर लोग केन्या आना चाहेंगे और केवल 100 का चयन किया जाएगा। इसलिए, हम आशा करते हैं कि जो लोग चुने गये हैं वे काँग्रेस के एजेंडे में प्रस्तावित चीज़ों को सीखने और साझा करने के अवसर का लाभ उठा रहे हैं।

**क्या केन्या की यात्रा के लिये मुझे कोई टीकाकरण कराने की आवश्यकता है?**

अधिकांश देशों के लिये केन्या की यात्रा के लिये पीला बुखार (यैलो फीवर) के टीकाकरण की सिफारिश की जाती है लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। केवल उन देशों से - जहाँ पीला बुखार (यैलो फीवर) स्थानीय है - केन्या आने वाले यात्रियों को, वैध पीला बुखार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। सर्वाइवर एलायंस उन प्रतिभागियों के लिये कुछ वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जिन्हें पीला बुखार (यैलो फीवर) के टीकाकरण की आवश्यकता है।

अपने देश के बारे में जानने के लिये इस लिंक में "WHO द्वारा देश को पीला बुखार (यैलो फीवर) के संचरण के जोखिम में होने के लिये निर्धारित किया गया है" वाला कॉलम देखें।

**क्या मैं विश्व काँग्रेस में अपने बच्चों के साथ आ सकती / सकता हूँ?**

जी हाँ, आप ऐसा कर सकते हैं, लेकिन कृपया जान लें कि हम काँग्रेस के दौरान कोई भी बाल देखभाल सेवा प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। आप अपने बच्चे और / या साथी की लागत (जैसे: उड़ानें, इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (eTA), आदि) के लिये भी खुद ही ज़िम्मेदार होंगे। होटल के लिये, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आवास और भोजन के लिये कोई अतिरिक्त लागत का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आपको विश्व काँग्रेस के लिये चुना गया है, तो आपके लिये तब यह जानकारी साझा करना महत्वपूर्ण होगा जब आपसे आपकी यात्रा व्यवस्था में सहायता के लिये एक फॉर्म भरने के लिये कहा जाएगा।

**क्या विश्व काँग्रेस में मैं अपने साथी के साथ आ सकती / सकता हूँ?**

जी हाँ, आप ऐसा कर सकते हैं लेकिन आपको आवास और भोजन की कोई भी अतिरिक्त लागत वहन करनी होगी। आप उड़ान टिकट खरीदने, इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (eTA) और यात्रा-संबंधी अन्य खर्चों के लिये भी खुद ही ज़िम्मेदार होंगे। यदि आपको विश्व काँग्रेस के लिये चुना गया है, तो जब आपसे

आपकी यात्रा व्यवस्था के लिये अतिरिक्त फॉर्म भरने के लिये कहा जाएगा तो यह जानकारी साझा करना आपके लिये महत्वपूर्ण होगा।

**आप नैरोबी में सम्मेलन के दौरान उपस्थित लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे?**
सभी उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम एक व्यापक सुरक्षा और संरक्षा योजना तैयार करने के लिये स्थानीय हितधारकों और योजना समिति के साथ सहयोग करेंगे। केन्या की जीवंत राजधानी नैरोबी एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करती है, और किसी भी प्रमुख शहर की तरह, सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। हम जल्द ही चयनित प्रतिभागियों के साथ अधिक जानकारी और सिफारिशें साझा करेंगे।

## V. विश्व काँग्रेस कार्यक्रम

**क्या आप कार्यक्रम का वर्णन कर सकते हैं?**
हम अभी भी कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं, और जैसे ही यह उपलब्ध होगा हम इसे साझा कर पाएंगे। इसमें गतिविधियों का एक विविध मिश्रण होगा, जिसमें पूर्ण सत्र और मुख्य वक्ता से लेकर सहभागी कार्यशालाएं, क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और आकर्षक बातचीत और एक साथ नृत्य करने और आनंद लेने का समय शामिल होगा।
आपको सर्वाइवर नेतृत्व और जुड़ाव, आंदोलन निर्माण, मानसिक स्वास्थ्य और बहाली (हीलिंग), पैरवी, सर्वाइवर नेताओं के लिये रोज़गार के रास्ते और क्षमता निर्माण के लिये कई अन्य विषयों और एक वैश्विक और अंतर-अनुभागीय (इंटरसेक्शनल) सर्वाइवर नेतृत्व वाले आंदोलन के सह-निर्माण के लिये हमारी सामूहिक शक्ति से जुड़ी हुई गतिविधियों की एक श्रृंखला मिलेगी।
फ़ाइनल कार्यक्रम जून 2024 में साझा किया जाएगा।

**मैं विश्व काँग्रेस के दौरान एक प्रस्तुति का सुझाव देना चाहती / चाहता हूँ या एक कार्यशाला का संचालन प्रदान करना चाहती / चाहता हूँ, क्या यह संभव है**?
जी हाँ, हम आपसे सुनना चाहेंगे! आवेदन में, आपको एक अनुभाग मिलेगा जहाँ आप अपने सत्र के विचार का प्रस्ताव कर सकते हैं। आप विभिन्न प्रकार की गतिविधियों या विषयों का सुझाव दे सकते हैं जिन्हें प्रस्तुत करने में आपकी रुचि होगी। गतिविधियाँ केवल सर्वाइवर नेताओं, सर्वाइवरों और सहयोगियों,

या केवल सहयोगियों के लिये तैयार की जा सकती हैं। कृपया जान लें कि समय सीमाओं के कारण, हम यह गारंटी नहीं देंगे कि प्रत्येक प्रस्तावित गतिविधि को शामिल किया जाएगा।

**यदि मैं विश्व काँग्रेस में नहीं जा सकती / सकता, तो क्या कोई तरीका है जिससे मैं ऑनलाइन भाग ले सकती / सकता हूँ?**

जी हाँ! हम एक ऑनलाइन कार्यक्रम बनाएंगे, जहाँ आप पूर्ण सत्र सुन सकेंगे, और आप ऑनलाइन आकर्षक कार्यशालाओं में भी भाग ले सकेंगे। हम वर्ष के अंत में इन ऑनलाइन गतिविधियों के लिये एक अतिरिक्त पंजीकरण प्रक्रिया खोलेंगे।

## VI. सहयोगियों से जुड़ाव

**क्या सहयोगी (जिन लोगों को तस्करी विरोधी क्षेत्र में काम करने का कोई अनुभव *नहीं* है) विश्व काँग्रेस में भाग ले रहे हैं?**

जी हाँ। सहयोगियों के लिये एक अनोखा कार्यक्रम है। सहयोगियों के निमंत्रण की सूची सर्वाइवर एलायंस और GFEMS द्वारा तैयार की गई थी। इसका मतलब यह है कि सहयोगी पहले भी किसी तरह से सर्वाइवर एलायंस या GFEMS के साथ जुड़ चुके हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें सर्वाइवर नेताओं के साथ बातचीत करने के बारे में पूरी तरह से पता होगा और हमें उनके साथ थोड़ा धीरज रखने की आवश्यकता होगी।

विश्व काँग्रेस के दौरान सर्वाइवरों और सहयोगियों के लिये अलग-अलग कार्यक्रम होंगे और संयुक्त कार्यक्रम भी होंगे। इन्हें कार्यक्रम में बिल्कुल स्पष्ट कर दिया जाएगा।

**सहयोगियों को क्यों आमंत्रित किया जा रहा है?**

जब सर्वाइवर एलायंस की शुरुआत हुई, तो हमें इस बात का ध्यान था कि अधिकांश तस्करी विरोधी संगठन बिना अनुभव वाले लोगों द्वारा चलाए और संचालित किये जाते हैं, और सर्वाइवर नेतृत्व को सक्षम करने का एक हिस्सा उन सहयोगियों को अपने प्रथाओं में बदलाव लाना और हमारे साथ एकजुटता में रहना है। इसलिए सहयोगियों को शामिल करना विश्व काँग्रेस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अलावा, सर्वाइवर एलायंस की तस्करी विरोधी संगठनों के साथ संबंध रखने में एक अद्‌वितीय स्थिति है और हम सर्वाइवर नेताओं और सहयोगियों के बीच पुल बनाने के लिये अपनी स्थिति की शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

सर्वाइवर एलायंस में शुरू से ही प्रतिबद्ध सहयोगी हमारे काम के लिये महत्वपूर्ण रहे हैं, और हमारा मानना है कि हमारे काम को आगे बढ़ाने के लिये सहयोगी महत्वपूर्ण हैं। सहयोगी उन प्रणालियों को बदलने में मदद करने वाले प्रमुख हैं, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से सर्वाइवरों को बाहर रखा है। सर्वाइवर एलायंस का मानना है कि अतीत में सर्वाइवरों को बाहर किये जाने का एक कारण सहयोगियों के लिये दुनियाभर के विविध सर्वाइवर नेताओं के साथ जुड़ने के अवसरों की कमी है। विश्व काँग्रेस संबंध बनाने और सर्वाइवर नेताओं की सिफारिशों और विशेषज्ञता को सुनने को सुनिश्चित करने के लिये यह अवसर पैदा करती है।

ऐसे भी कई सहयोगी हैं जो लंबे समय से इस क्षेत्र में हैं और उनके पास हमारे साथ साझा करने के लिये बहुत सारी विशेषज्ञता भी है। हमें नहीं लगता कि यह काम *या तो* सर्वाइवरों *या* सहयोगियों के बारे में है। यह हमारे साथ मिलकर सहयोग करने के बारे में है। इस क्षेत्र में बहुत काम बाकी है और इसमें हम सभी को शामिल होने की ज़रूरत है।

हमारे लिये यह पहचानना भी महत्वपूर्ण है कि कुछ सर्वाइवर नेता हैं, जो एक सर्वाइवर के रूप में पहचाने जाने में सहज नहीं महसूस करते हैं और अपनी पहचान सहयोगी के रूप में करते हैं ।

**विश्व काँग्रेस में किस प्रकार के सहयोगी आ रहे हैं? क्या वहाँ कोई सरकारी, आव्रजन (इमीग्रेशन) या पुलिस अधिकारी हैं?**

वे लोग जो गैर-लाभकारी संस्थाओं और धर्मार्थ संस्थाओं के लिये काम करते हैं, फंडिंग करने वाले समूह, निजी दानदाता (फ़िलेन्थ्रोपिस्ट), तस्करी विरोधी कार्यक्रम वाली कंपनियां, शोधकर्ता और ऐसे समूह जो सर्वाइवर नेता वाले समूहों की मदद करते हैं।

वहाँ कोई कानून प्रवर्तन या आव्रजन (इमीग्रेशन) अधिकारी **नहीं होंगे**। हो सकता है कि कुछ सहयोगियों ने पहले उन संगठनों के लिये काम किया हो, या उनके साथ संबंध हों लेकिन वर्तमान में वे उन संगठनों में नहीं हैं। इसमें कुछ सरकारी अधिकारी हो सकते हैं, विशेष रूप से केन्या और यूके सरकार से।

**क्या हम सम्मेलन के पूरे समय एक साथ रहेंगे?**

जी नहीं, हम अपेक्षा करते हैं की हमारे कार्यक्रम में बदलाव हो सकते हैं, लेकिन हम डेढ़ दिनों की केवल-सर्वाइवर प्रोग्रामिंग और दो दिनों की मिलीजुली प्रोग्रामिंग की योजना बना रहे हैं। हो सकता है कि आप में से कुछ लोगों को सहयोगियों के सामने प्रस्तुति देने के लिये सर्वाइवर की बैठक से निकलकर आना पड़े। आवेदन पत्र में यह इंगित करने का अवसर है कि क्या आप सहयोगियों को प्रस्तुति देना चाहते हैं। 1 अक्टूबर की रात को एक साझा स्वागत समारोह और पूरे कार्यक्रम के दौरान साझा भोजन भी होगा।

**क्या मुझे सहयोगियों के साथ जुड़ने की आवश्यकता है?**

जी हाँ। केवल सर्वाइवरों के लिये स्थान महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इस कार्यक्रम में सहयोगी भी शामिल होंगे। यहाँ तक कि केवल सर्वाइवर सम्मेलन में भी, कुछ सर्वाइवर एलायंस स्टाफ और / या बोर्ड सदस्य ऐसे होंगे जिनके पास मानव तस्करी का कोई जिया हुआ अनुभव नहीं है।

विश्व काँग्रेस के लिये हमारी आशाओं का एक हिस्सा यह है कि हम सभी एक-दूसरे का पुनः मानवीकरण करें। सहयोगी ऐसे सर्वाइवर भी हो सकते हैं जिन्होंने अपनी पहचान सर्वाइवर के रूप में नहीं किया हो या वे अन्य आघातों के सर्वाइवर हो सकते हैं। हम सभी इंसान हैं और हमें लोगों पर विश्वास विकसित करने की ज़रूरत है, चाहे वे साथी सर्वाइवर नेता हों या सहयोगी।

**क्या सहयोगियों को प्रशिक्षण मिलेगा?**

जी हाँ। कुछ सहयोगियों ने विश्व काँग्रेस से पहले प्रशिक्षण प्राप्त किया है, क्योंकि उन्होंने हमारे कार्यक्रमों में भाग लिया है। अन्य लोगों को सम्मेलन के पहले दिन सर्वाइवर सशक्तिकरण के बुनियादी सिद्धांतों के बारे में सीखने और शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सर्वाइवर एलायंस सहयोगियों के लिये सम्मेलन-पूर्व कार्यक्रमों का आयोजन करने पर भी विचार कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सहानुभूतिपूर्ण और सशक्त तरीकों से जुड़ने के लिये तैयार महसूस कर सकें।

क्या आपके कोई अतिरिक्त प्रश्न हैं जिनका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है? toworldcongress@survivoralliance.org पर लिखें।